नगर पालिका का वित्तीय वर्ष का बजट पेश,चर्चा उपरांत सभी विषयों को दी स्वीकृति

# कोई नया टैक्स नहीं,पुराने टैक्स में भी नहीं कि कोई वृद्धि,90 करोड़,80 लाख,95 हजार का बजट पेश

## साफ-सफाई नहीं होने पर विपक्ष के साथ सत्ताधारी दल के पार्षद भी हुए मुखर



**नवभारत न्यूज, पांढुरना,22अपैल,** पांढुरना नगर पालिका का वित्तीय वर्ष 2026-2027 का 90 करोड़ 80 लाख 95 हजार का बजट बुधवार को नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई संपन्न हुई परिषद की बैठक में नपा के जनप्रतिनिधियों की प्रमुख उपस्थिती में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**बेंच थपथपा सभी ने अध्यक्ष का किया समर्थन**

इस दौरान नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े द्वारा नगर वासियों पर कोई भी नया टैक्स नहीं लगाने तथा पुराने टैक्स में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं करने की भी बात कहीं,जिस पर परिषद के सभी सदस्यों द्वारा बेंच थपथपाते हुए समर्थन दिया।

**आवारा कुत्तों के लिए बनेगा ए.बी.सी.सेंटर**

वहीं नगर में दिनों-दिन बढ़ती जा रहीं आवारा श्वान (कुत्तों) की संख्या तथा कई बार इनके द्वारा मासुम बच्चों पर हमला कर इन्हें लहूलुहान करने की स्थिति को देखते हुए आवारा कुत्तों के लिए ए.बी.सी.सेंटर बनाया जाएंगा।

**सहायक लेखापाल ने प्रस्तुत किया बजट:** नगर पालिका में बुधवार को कार्यालय के सभाकक्ष में हुई परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वप्रथम इस वित्तीय वर्ष का बजट नपा के सहायक लेखापाल मनोज कुमार द्वारा प्रस्तुत किया,जिसमें 908095000 के अनुमानित आय तथा 908009500 की अनुमानित व्यय तथा 85,500 रुपए के बचत का बजट पेश किया।

### विपक्ष ने नंबर प्लेट के नाम पर बोझ लादने का लगाया आरोप

इस बजट को जहां एक और विपक्ष द्वारा नगर के आम नागरिकों को कोई भी सुविधा नहीं देंने वाला और तो और मकान नंबर के नाम पर नंबर प्लेट लगाने प्रत्येक मकान से 120 रुपए की राशि वसूलने के निर्णय को लोगों पर आर्थिक बोझ लादने के साथ आधार कार्ड में मकान नंबर बदलने के लिए फिर से आधार संेटरों के चक्कर लगाकर परेशान करने वालों निर्णय बताया। वहीं सत्ताधारी दल द्वारा इस बजट में नगर वासियों को कोई भी अन्य टैक्स नहीं लगाने तथा पुराने टैक्स में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं कर इस बजट को नगर वासियों के हित में बताया।

### नपा नहीं वसूले स्वच्छता टैक्स

वहीं इस बैठक के दौरान नगर में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने की बात को लेकर विपक्ष के कांग्रेस पार्षदों के साथ ही सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षदों ने भी भारी नाराजगी व्यक्त कि नगर के शंकर नगर वार्ड की भाजपा पार्षद श्रीमती गिरारे,शास्त्री वार्ड के लोचन खवसे,रानी दुर्गावती वार्ड के यादवराव डोबले,संतोषी माता वार्ड के पार्षद कांग्रेस पार्षद अशोक कोल्हें द्वारा तो यहां तक कहा कि जब नगर पालिका द्वारा नगर में सफाई नहीं की जा रहीं है तो नगरवासियों स्वच्छता का टैक्स नहीं लेंना चाहिए ।

### पार्षद ने स्वयं 50 हजार राशि देंने की बात कहीं

वहीं इस दौरान नगर में किसी पालतू पशु की मौत होती है तो उस जानवरों को दफनाने के लिए ली जाने वाली 1250 रुपए राशि को गलत बताया है,रानी दुर्गावती वार्ड के पार्षद यादवराव डोबले द्वारा इसके लिए स्वयं 50 हजार रुपए की राशि देंने की बात कहते हुए पशु पालकों से यह राशि नहीं लेंने की बात कहीं ।

### मनोनीत पार्षदों का किया सम्मान

वहीं बैठक के दौरान पहली बार परिषद की बैठक में पहुंचे सभी 6 नव मनोनीत पार्षद प्रशांत दाढे,दशरथ सांबारे,सतीश बांबल, श्रीमती संध्या पाटिल,तरुण बालपांडे,प्रशांत गायधने का पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया ।

### सभी विषयों पर चर्चा उपरांत दी स्वीकृती

वहीं परिषद की इस बैठक में रखे गए कुल 22 में से एकमात्र विषय नगर के हनुमंती वार्ड निवासी श्रीमती रीता पति विवेक सोनटक्के के भवन नामांतरण विषय न्यायालय में विचाराधीन होने से इस मामले में न्यायालय से आने वाले निर्णय के अनुसार ही कार्यवाही करने की बात कह अन्य सभी 21 विषयों को चर्चा उपरांत स्वीकृत किए गए ।

### इनका कहना है ...



*नपा की आय बढ़ाने विभाग द्वारा टैक्स में वृद्धि कर नया टैक्स लगाने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन हमने नगर वासियों पर कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया और पुराने टैक्स में भी किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं की है, नपा के स्वास्थ्य विभाग के कई पुराने कर्मचारी सेवानिवृत्त होने के कारण सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने से वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था प्रभावित हुई, जल्दी ही इसकी व्यवस्था बनाकर नियमित सफाई करायेंगे।*

***संदीप घाटोडे अध्यक्ष नपा पांढुरना***



*नपा के इस बजट में नगर वासियों को कोई भी विशेष लाभ नहीं मिला, वहीं सरकार द्वारा नगर के प्रत्येक घरों पर मकान नंबर की प्लेट लगाने के नाम पर 120 रुपए की राशि वसूल करने का लगभग सभी पार्षदों ने विरोध किया है, इससे जहां एक और लोगों पर आर्थिक बोझ लादा जाएंगा, वहीं सभी के आधार कार्ड में जो पुराना नंबर दर्ज है, वह बदलने के कारण सभी को अपने-अपने आधार कार्ड में सुधार करने आधार सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, इसलिए मकान नंबर प्लेट लगाने की नपा द्वारा प्रक्रिया नहीं करनी चाहिए ।*

***ताहिर अहमद पटेल कांग्रेस पार्षद, नपा उपाध्यक्ष***

## मनोनित पार्षदों का परिषद कार्यालय में हुआ स्वागत सत्कार



**पिपला नारा.वार।** शासन स्तर पर नगर परिषद मे मनोनित पार्षदों की नियुक्ति के बाद स्थानीय निकाय में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। अवसर पर मनोनित पार्षद विनोद चौधरी, सदानंद डोंगरे, रमेश तुमाने एवं बंडु दरबारे का नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अरूणा कैलाश चौधरी हस्तें स्वगात किया गया। अवसर बोलते हुये श्रीमती चौधरी ने कहा कि, इस नियुक्ति से नगर परिषद को नई ऊर्जा और अनुभव प्राप्त होगा। सभी मिलकर नगर के विकास कार्यो को गति देंगे तथा जनहित के मुददों को प्राथमिकता देते हुये बेहतर कार्य करेगे। नगर के सर्वागीण विकास के लिये टीम भावना से कार्य करना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आरती प्रवीण लामसे, मुख्य नपा अधिकारी डी पी साहू सहित पार्षदद्वय उपस्थित थे।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड की सौजन्य भेंट



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 22 अप्रेल.** आज प्रदेश कार्यालय, भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।भेंट के दौरान जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर मंथन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद बनाए रखने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला अध्यक्ष श्री मोहोड ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि उनके मार्गदर्शन में जिला संगठन को नई ऊर्जा एवं गति प्रदान की जाएगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

# जनगणना प्रशिक्षुओं ने ली शपथ, 1 मई से मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे प्रगणक



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 22 अप्रेल.** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सौसर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण की तैयारी के तहत विकासखंड सौसर के ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 19 से 21 अप्रैल 2026 तक संपन्न हुआ।

फील्ड मास्टर ट्रेनर सूर्यकीर्ति काले ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र सौसर के द्वितीय बैच के 45-45 प्रगणक एवं सुपरवाइजर* को प्रशिक्षित किया गया। फील्ड ट्रेनर कीर्तिसागर बागडे ने मकान सूचीकरण एवं एचएलओ ऐप द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं की बारीकियां समझाई। जनगणना के प्रथम चरण में 1 मई से मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ होगा। इसके तहत प्रत्येक ।ब्लक में मकानों एवं अधोसंरचना की नंबरिंग की जाएगी। प्रगणक नागरिकों से कुल 34 प्रश्न पूछेंगे, जिनमें मकान की स्थिति, कच्चे-पक्के मकान, शौचालय, बाथरूम, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश एवं बिजली की उपलब्धता, गंदे पानी का निकास तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी जुटाई जाएगी। यह पूरी जनगणना डिजिटल मोड में मोबाइल द्वारा पेपरलेस होगी। इसमें नजरी नक्शे के अलावा किसी भी प्रकार के कागजों का इस्तेमाल नहीं होगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को चंद्रकांत नाचनकर ने सामूहिक रूप से जनगणना की शपथ दिलाई। प्रशिक्षण जनगणना चार्ज अधिकारी अर्जुन बेलवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। फील्ड मास्टर ट्रेनर सूर्यकीर्ति काले, रविंद्र मांगे, कीर्तिसागर बागडे, मनोहर सवाई, चंद्रकांत नाचनकर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। जनगणना लिपिक अनंत अवस्थी, कंप्यूटर ऑपरेटर महेश पखाले, रज्जाक शेख ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

# कलेक्टर द्वारा समय सीमा की बैठक में जल संरक्षण, अवैध खनन पर सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश



**नव भारत न्यूज पांढुरना,22 अप्रैल,** जिले में प्रशासनिक कार्यों को गति देने और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने जल संरक्षण को जिले की प्राथमिक आवश्यकता बताते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री सुभाष गाडगे से जल संचय अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग को नहरों की नियमित साफ सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस और समयबद्ध रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे सिंचाई व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती सूर्यवंशी से वाटर सेट की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

**अवैध खनन पर कलेक्टर का सख्त रुख:** लोधीखेड़ा क्षेत्र में कन्हान नदी से हो रहे अवैध खनिज परिवहन को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने खनिज अधिकारी महेश नगपुरे को तहसीलदार के सहयोग से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि हाल ही में अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्रवाई की गई है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग को ग्राम कारवार निवासी श्रीमती सीमा पति हेमंत परिहार की आंगनबाड़ी सहायिका पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री मानधन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

**समाज के कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील पहल**

सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्राम राजना निवासी कुमारी अमीषा एवं कुमारी रितिका, जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है, को बाल आशीर्वाद योजना एवं संबल योजना का लाभ दिलाने के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय जल आयोग के निर्देशों के अनुपालन में तहसील सौसर के बिच्छू बग्गू क्षेत्र में रेत खनन गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी सौसर श्री सिद्धार्थ पटेल को निर्देशित किया गया। साथ ही सौसर विकासखंड में आदिवासी कोरकू/मावशी जाति के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को पांढुर्णा मोक्षधाम से लिटिल फ्लावर स्कूल होते हुए नीलकंठ धावड़ी खापा रोड के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ।संबल योजना के अंतर्गत ग्राम भूम्मा निवासी श्री रामदीन टेकाम को लाभान्वित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के तहत आईएमआईएस पोर्टल पर ग्रामों एवं बसाहटों के सत्यापन तथा ग्राम कौड़िया में योजना स्वीकृति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य आपूर्ति अधिकारी को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से ई-केवाईसी फॉर्म प्राप्त कर एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा गेहूं उपार्जन कार्य में पारदर्शिता एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत शासकीय आईटीआई को मेला आयोजित करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा समय-सीमा से बाहर मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया ।बैठक के अंत में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

# मोमेंटम कोचिंग सौसर के छात्रों ने कक्षा 10 वी एवं 12 वी की मध्यप्रदेश बोर्ड , सीबीएसई बोर्ड एवं जेईई मेंस 2026 की परीक्षा में लहराया परचम



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 22 अप्रेल.** मोमेंटम कोचिंग सौसर की कक्षा 10 वी की छात्रा निकिता फरकसे ने एमपी बोर्ड की परीक्षा में मध्यप्रदेश की प्रवीण्य सूची में 3rd Rank एवं जिले में 1st Rank हासिल की है , संस्थान के छात्र आर्यन प्रभाकरजी निकाजु ने 96.40 % , ध्रुवांशी सदाशिवजी कोंडेकर ने 95.80% , अनामिका अरुणजी पगारे ने 95% , गौरव रामकृष्णा जी नाडेकर ने 94.80 % , छायांक डोमुदासजी धकाते ने 93.20 त्न , अनुष्का सुरेशजी निम्बूलकर ने 92.80% , विशाखा विलास जी निकोसे ने 92% , ऋषभ घनश्याम जी डेहरिया ने 90.40% , हर्षदा विजयजी चिमोटे ने 89.80 %, सुहानी पद्माकरजी पोपटे ने 87.40% , अर्पिता डी.एस. ठाकुर ने 84.40% , अखिलेश यज्ञकर जी गजभिए ने 82% एवं जिया जगदीश जी वाहने ने 81.80% अंक हासिल किए है । सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें छात्र पार्थ हेड़ाऊ ने 86.20% , संयुक्ता काले ने 84.60%, प्राची रागासे ने 82.80% , खुशी लांडे ने 80% , अमन दिवाकर जी धगे ने 78.20 % अंक हासिल किए है ।

संस्थान के 4 बच्चो ने 95 प्रतिशत से अधिक ,9 बच्चो ने 90 प्रतिशत से अधिक , 15 बच्चो ने 85 प्रतिशत से अधिक एवं 18 बच्चो ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर नाम रोशन किया है।

माशिमं द्वारा जारी कक्षा 12वी के परीक्षा परिणाम में रुषि सुनील जी गौरखेड़े ने 92.50 % , निहाल दिवाकर जी धगे ने 92 %, दक्ष रोहित वैष्णव ने 90.40 % , ज्ञानेश्वर सुभाष जी काले ने 90 %, प्रतीक अनिल जी मालेकर ने 89.40 % , तृषा पाटिल ने 89.60% , शैली संगीत जी जैन ने 88 % , जैद अब्दुल मुबिनजी खान ने 88% , तनिश रामदासजी धारपुरे ने 87.6% , अनुष्का विजय जी फरकारे ने 85% अंक हासिल कर नाम रोशन किया है। इस प्रकार कक्षा 12 वी में संस्थान के 4 बच्चो 90 प्रतिशत से अधिक , 10 बच्चो ने 85 प्रतिशत से अधिक , 17 बच्चो ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 25 बच्चो ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है।

इसी के साथ जेईई मेंस 2026 की परीक्षा में संस्थान के छात्र तनिश रामदास जी धारपुरे ने 96.83 परसेंटाइल , दक्ष रोहितजी वैष्णव ने 93.61 परसेंटाइल एवं जसविंदर यदवेन्द्र सिंघ जी मथारू ने 93.50 पर्सेंटाइल हासिल किए है । छात्रों के इस सर्वश्रेष्ठ परिणाम ने अपने माता-पिता , शिक्षक एवं संस्थान के साथ अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है द्य मोमेंटम इंस्टीट्यूट सौसर हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता है ।

मोमेंटम इंस्टीट्यूट सौसर के डायरेक्टर श्री विक्रम घाटोड़ सर एवं श्री अभिषेक मानमोडे सर का कहना है कि कक्षा 10 वी के द्वितीय बैच एवं 12 वी की प्रथम बैच के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, साथ ही शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। इसी कारण मोमेंटम सौसर वर्तमान समय में पालकों की पहली पसंद बनता जा रहा है द्य यहां प्रत्येक बच्चे को समान संसाधन एवं एक समान ध्यान देकर शिक्षा प्रदान की जाती है । यहां सभी बच्चो को सही गाइडेंस एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

# भीषण गर्मी के चलते स्कूल बंद करने की मांग

## , एनएसयूआई ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन मांग नहीं मानी तो होगा उग्र आंदोलन



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 23 अप्रेल.** जिला एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जिम्मी टाकभवरे के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते स्कूल बंद करने की मांग की। ज्ञापन में बताया की क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों का संचालन जारी है, जिसके कारण स्कूली छात्रों को तेज धूप और लू से स्वास्थ्य संबंधित गंभीर समस्याएं हो रही हैं। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए जिला एनएसयूआई ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से स्कूलों को बंद करने की मांग की है। यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो एनएसयूआई द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय नोमान खान, पारस गायकवाड़, नयन वालके, श्रेयस वाहने, हर्ष डोंगरे, हर्ष मारबते, आयुष परतेती, आवेस मनसुरीसहित अन्य जिम्मेदार साथी उपस्थित रहे।